रजिस्ट्रार कार्यालय समाचार

अप्रैल-मई - 2026

अप्रैल-मई - 2026 परीक्षा सत्र

1. इस सत्र की लिखित परीक्षा दि. 19 अप्रैल 2026 को संपन्न हो गई है।
2. सभी केन्द्रोंसे निवेदन है कि, अपने केन्द्र की क्रियात्मक परीक्षाएँ 25 मई तक पूर्ण करना अनिवार्य होगा ताकि परीक्षा परिणाम का कार्य समय पर पूरा किया जा सके। अतः उपरोक्त कालमर्यादा को ध्यान में रखकर केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा कार्य की सम्पूर्ण समय सारिणी निश्चित करें तथा रजिस्ट्रार कार्यालय को सूचित करें। कृपया ध्यान दें की 25 मई 2026 के पश्चात बिना अनुमती क्रियात्मक परीक्षा लेना परीक्षा नियमोंका उल्लंघन माना जाएगा।
3. जिन छात्रों को रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा रोल नंबर नहीं दिए गए है, उन्हें परीक्षा में सम्मिलित न करें तथा अपनी ओर से कोई रोल नंबर प्रदान न करें। अस्वीकृत आवेदन पत्र की सूचना सबंधित परीक्षार्थी या शिक्षक को तुरंत दे। ऐसे परिक्षार्थियों की परीक्षा किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगी।
4. हर एक परीक्षार्थी की क्रियात्मक परीक्षा अलग-अलग से होनी आवश्यक है। एक से अधिक परीक्षार्थीओं की क्रियात्मक परीक्षा एक साथ नहीं होनी चाहिये। सूचना मिलनेपर ऐसी परीक्षा रद्द की जा सकती है। कृपया केन्द्रव्यवस्थापक ये बात परीक्षकों के नजर में लायें।
5. विशारद के परीक्षार्थीयों का मंचप्रदर्शन स्वतंत्र रूप से ही होना आवश्यक है।
6. यदि कार्यालय द्वारा नियुक्त हुआ क्रियात्मक परीक्षक केंद्र व्यवस्थापक का रिश्तेदार, मित्र अथवा परिचित व्यक्ति हो तो इसकी सूचना तुरंत रजिस्ट्रार कार्यालय को देना अनिवार्य है।
7. केंद्रव्यवस्थापकों को यह महत्वपूर्ण सूचना दी जाती है कि, शिक्षक / परीक्षार्थियों को परीक्षकों के नाम तथा भ्रमणध्वनी (MOBILE Number) न दें।
8. इस सत्र का परीक्षा परिणाम जून के प्रथम सप्ताह में घोषित होंगे। उसकी सूचना मंडल के वेबसाइट पर दी जाएगी।
9. परीक्षा से सम्बंधित सभी बातों पर रजिस्ट्रार का निर्णय अंतिम होगा।

रजिस्ट्रार
(अ.भा.गां.म.वि.मंडल, मुंबई)

ISSN No. 0036-4320